सार-समाचार

साईबर अपराध पर सेमिनार

सीकर (निसं)। उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग राजेन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत 'राजस्थान मरू उडान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, आत्मरक्षा और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि राजस्थान मरू उडान योजना के तहत साईबर अपराध से बचाव एवं डिजिटल साक्षरता साईबर अपराध सेमिनार का आयोजन किया गया और सेनेटरी नेपकीन प्रशिक्षण सेमिनार का भी आयोजन किया गया। जिसको राधा कृष्ण मारू सी.सै. स्कूल में प्रिंसिपल दिनेश पुरोहित के समन्वय से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें साईबर क्राइम थाने से एसएचओ रिया चौधरी द्वारा साईबर अपराध से बचाव एवं डिजिटल साक्षरता के बारे में बालिकाओं को सम्पूर्ण जानकारी दी गई और साथ ही 1930 नम्बर भी साझा किये गये जिस पर शिकायत कर साईबर अपराध को रोका जा सके। पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र की टीम द्वारा सेनेटरी नेपकीन का प्रशिक्षण दिया गया एवं कालीबाई भील उडान योजना के तहत महावारी स्वच्छता से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी बालिकाओ को दी गयी साथ ही पीएसएसके टीम द्वारा विभाग में चलाई जा रही योजनाएं मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, कालीबाई भील महिला संबल शिक्षा योजनाओं की जानकारी दि गई। कार्यक्रम में पीएसएसके के समस्त कर्मचारी एवं राधाकृष्ण मारू सी.सै. स्कूल के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

सीकर (निसं)। स्वच्छता के महत्व को समझाने और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से नगर परिषद सीकर एवं वी वॉइस लैब्स प्राइवेट लिमिटेड मेटेड द्वारा हरदयाल विद्यालय में 'स्वच्छता की पाठशाला' कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कचरे का सही निस्तारण, प्लास्टिक मुक्त वातावरण और स्वच्छता के व्यक्तिगत व सामाजिक लाभों के बारे में जागरूक किया गया। नगर परिषद की आईईसी टीम ने गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण, पुन: उपयोग और पुनचक्रण की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई और उन्हें अपने परिवार एवं समुदाय में भी स्वच्छता का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। नगर परिषद् सीकर एवं वी वॉइस लैब्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने बताया कि भविष्य में भी इसी तरह के जागरुकता अभियान जारी रखेंगे ताकि समाज में स्वच्छता को आदत के रूप में अपनाया जा सके। कार्यक्रम में नगर परिषद की अधिकरी, कर्मचारी, आईईसी टीम, विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों ने भाग लिया।

रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

सीकर (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर सीकर जिले की पंचायत समिति लक्ष्मणगढ, घोद, अजीतगढ के सदस्य के उपचुनाव के निर्वाचन के लिए राजस्थान पंचायती राज के प्रावधानों के अनुसार प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए हैं। आदेशानुसार उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट लक्ष्मणगढ, उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट धोद, उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट श्रीमाधोपुर को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा तहसीलदार लक्ष्मणगढ, धोद, श्रीमाधोपुर को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। आदेशानुसार नियुक्त रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी को निर्देशित किया है कि संबधित पंचायत समिति, वार्ड संख्या का राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान के निर्देशानुसार उपचुनाव माह फरवरी 2025 से संबधित कार्यवाही यथासमय निर्धारित गाइडलाईन की अक्षरश: पालना करते हुये किया जाना सुनिश्चित करें।

एस.डी.एम. को ज्ञापन सौंपा

सादुलपुर, (निसं)। नगरपालिका राजगढ क्षैत्र में अम्बेडकर चौक के पास मिस्त्रीयों द्वारा स्वयं के खर्चे पर बनाये गये प्रसाधन को तोडने के मामले में मिस्त्रीयों व दुकानदारों ने सामाजिक कार्यकर्ता जगत सिंह के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम राजगढ़ को ज्ञापन देकर प्रसाधान का पुन: निर्माण करवाने की माँग की है। सामाजिक कार्यकर्ता रजनीश सोनी, मिस्त्री सुरेश कुमार, रोहताश, भजनलाल, ओमप्रकाश, रामस्वरूप, मिन्टू सर्वा, सुशील सहित अन्य दुकानदारों ने एसडीएम राजगढ को दियेग गये ज्ञापन में लिखा है कि आसपास में पेशाब घर नहीं होने के कारण नगरपालिका क्षेत्र राजगढ में अम्बेडकर सर्किल के पास सडक के 15 फीट दूरी पर मिस्त्रीयों एवं दुकानदारो ने स्वयं के खर्चे पर कुई खुदवाकर प्रसाधन का पक्का निर्माण किया गया था, जिसे बेवजह तोड दिया गया, जिसका नगरपालिका से पुन: निर्माण करवाया जावे तथा वर्षो पुराने बेरी के पेड का उखाडकर ले जाने की जांच करवाई जावे।

विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित

रतनगढ़ (निसं)। स्थानीय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गणेशमल बैद स्कूल के सभी विद्यार्थियों को रतनगढ नागरिक परिषद ट्रस्ट दिल्ली एन सी आर द्वारा सर्दी से बचाव हेतु स्वेटर वितरित किए गए। कार्यक्रम प्रभारी हिम्मत सिंह चारण ने बताया कि ट्रस्ट उपाध्यक्ष डालमचंद बैद द्वारा गत सप्ताह इस सेवाकार्य हेतु भाव अभिव्यक्त किया गया था और ट्रस्ट की ओर से बुधवार को विद्यार्थियों के लिए स्वेटर्स उपलब्ध करवा दिए गए। ट्रस्ट सहयोजित ट्रस्टी पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया ने गर्म वस्त्र रूपी भेंट स्वीकार करने के लिए विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थियों का आभार प्रकट करते हुवे कहा कि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप समाजसेवी कार्य परिषद द्वारा निरंतरता के साथ किए जाएंगे। परिषद् स्थानीय समन्वयक कुलदीप व्यास ने कहा कि शैक्षिक उन्नयन हेतु संसाधनों की उपलब्धता अत्यावश्यक है।

भाजपा के छह मंडल अध्यक्ष घोषित

सीकर (निसं)। भाजपा के छह मंडल अध्यक्षों की घोषणा मंगलवार को की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश सारस्वत ने प्रदेश संगठन पर्व कमेटी के निर्णयानुसार एवं प्रदेश चुनाव अधिकारी संगठन पर्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षों का सर्वसम्मत निर्वाचन के पश्चात घोषणा की है। जिला निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश सारस्वत ने लक्ष्मणगढ़ विधानसभा के पाटोदा मंडल अध्यक्ष पर परमेश्वर शर्मा, खुडी के प्रवीण कुमार स्वामी, नेछवा के प्रदीप सारण, बलारा के भरत सिंह, लक्ष्मणगढ शहर मंडल अध्यक्ष पर ललित पंवार को घोषित किया है। इसी प्रकार फतेहपुर विधानसभा के फतेहपुर शहर मंडल अध्यक्ष पद पर अमित तिवाडी को घोषित किया है।

छात्रवृत्ति पोर्टल में संशोधन करने का मौका

सीकर (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उपनिदेशक प्रियंका पारीक ने बताया कि 28 जनवरी 2025 के अनुसार विभाग द्वारा छात्रवृति पोर्टल पर ऑनलाईन छात्रवृति आवेदन पत्र में छात्र द्वारा गलती, सहवन से अंकित क्रिये गये शिक्षण संस्थान, कोर्स एंव कक्षा (ईयर,सैमेस्टर) को शिक्षण संस्थान अथवा विभाग द्वारा आक्षेपित किये जाने पर शैक्षिणक सत्र 2024-25 में अधिकतम एक बार परिवर्तन किये जाने का अवसर दिया गया है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी द्वारा छात्रवृति आवेदन पत्र में शिक्षण संस्थान, कोर्स एंव कक्षा (ईयर, सेमेस्टर) में किये गये परिवर्तन को आवेदन पत्र की ऑडिट ट्रेल में प्रदर्शित किया जायेगा।

शहीद दिवस पर कार्यक्रम आज

सीकर (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि 30 जनवरी 2025 गुरूवार को जिला कलेक्ट्रेट के लॉन में शहीद दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शहीदों की स्मृति में प्रात: 10.30 बजे कार्यक्रम प्रारंभ होगा तथा प्रात: 10.30 बजे से 10.40 बजे तक राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पाजंली, प्रात: 10.40 से 10.58 बजे तक रामधुनी व गांधीजी के प्रिय भजनों का गान, प्रात: 11 बजे 2 मिनट का मौन रखा जायेगा तथा प्रात: 11.02 बजे कार्यक्रम का समापन होगा।

नोडल अधिकारी नियुक्त

सीकर (निसं)। अतिरिक्त जिला कलक्टर रतन कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 30 जनवरी, 2025 को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाने के लिए उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सीकर को नोडल अधिकारी एवं सहायक निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क सीकर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर निर्देशित किया जाता है कि मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम आयोजित करवाया जाना सुनिश्चित करें।

403 वाहन चालकों की नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच हुई

सीकर (निसं)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के दौरान जिला सड़क सुरक्षा समिति के निर्देशानुसार जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग एवं चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मंगलवार को पुलिस लाईन परेड ग्राउण्ड सीकर में नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में 403 ऑटो रिक्शा, मिनीबस, रोडवेज बसों वाहन चालकों के नेत्र, बीपी, शुगर की नि:शुल्क जांच की गई। जिसमे लगभग एक दर्जन वाहन चालकों को रेफर देकर आगे जांच करवाने के लिए सलाह दी गई। शिविर को जिला कलेक्टर मुकल शर्मा द्वारा फीटा कांटकर उद्घाटन किया गया तथा सभी वाहन चालकों को बताया की हम सबके के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य होता है, वाहन चालकों की आंख कमजोर होने की वजह से कई तरह की दुर्घटना घटित होने की संभावना रहती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वाहन चालक को अपने स्वास्थ्य की परवाह करना सभी का प्रथम दायित्व है। साथ ही देव स्मृतिसेवा संस्था को नि:शुल्क चश्में वितरण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

जिला परिवहन अधिकारी ताराचन्द बंजारा द्वारा शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। प्रशिक्षु आईपीएस शाहिन सी द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूक होने की अपील की गई। यातायात पुलिस पूनम बरगड द्वारा सडक सुरक्षा की पालना किये जाने के बारे में बताया।

डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सीकर द्वारा वाहन चालकों को देश की सांस्कृतिक एकता की अनमोल धरोहर बताया गया तथा स्वाच्छता के साथ स्वस्थ रहने पर ही सुरक्षित भारत का निर्माण कर सकेगें। श्री देव स्वयंसेवी संस्था सीकर द्वारा चालकों के लिए 370 नि:शुल्क चश्में उपलब्ध करवाये गयें। चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा 403 वाहन चालकों की स्क्रीनिंग की गई। जिसमें 370 चालकों को चश्में, 324 को आई ड्राप उपलब्ध करवाई। जांच के दौरान 182 चालकों को बीपी समस्या, 61 चालकों को शुगर की समस्या पाई गई।

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि 23 व 24 जनवरी को आयोजित विद्यालय स्तर पर विजेता रहे छात्र-छात्राओं ने 27 व 28 जनवरी को सभी 12 ब्लॉकों पर निबंध, स्लोगन, पोस्टर एवं पत्र लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिसमें 3800 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक से प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले विजेताओं को 31 जनवरी को श्री कल्याण बालिका महाविद्यालय में आयोजित समापन समारोह पर पारितोषिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

कार्यक्रम में अशोक महरिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, एडीपीसी राकेश लाटा, कुलज्योति प्रशिक्षु जिला परिवहन अधिकारी, झाबर सिंह, परिवहन निरीक्षक एवं चिकित्सा विभाग डॉ. नीलम अग्रवाल एवं डॉ अनिता शेखावत, शिशुपाल खीचड अध्यक्ष बस यूनियन, दिलीप मिश्रा अध्यक्ष ऑटो यूनियन, सुभाष यातायात निरीक्षक उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पुलिस लाईन परेड ग्राउण्ड सीकर में नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

आर्थिक सहायता दी

सीकर (निसं)। ग्राम राजपुरा तहसील धोद के गरीब परिवार से सर्व समाज पुरा बड़ी की टीम ने मुलाकात की परिवार में पाँच बहने व सबसे छोटा भाई है पिताजी का स्वर्गवास हो गया है कमाने वाला कोई नही है अत: टीम ने आर्थिक सहयोग किया जिसमें टीम के सदस्यों द्वारा 3,72,500 रुपयो का कुल सहयोग किया जिसमें 321500 दिए गए ओर 51000 हजार रुपए नगद राशी परिवार को टीम सर्व समाज पुरा बडी द्वारा सौपी गयी सदस्य सुदर्शन मिश्रा ने बताया कि पुरा बड़ी से ही नहीं बल्कि आस पास के सभी गांवों से सहयोग मिला टीम समय समय पर ऐसे सहयोग व अन्य समाज सेवा के कार्य करती रहेगी।

गौ माता मानव कल्याण की सेवा करना ही सर्वश्रेष्ठ सेवा : विधायक गोदारा

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर कस्बे में भोले बाबा की बगीची में संत शिरोमणि पुष्कर नाथ महाराज की बरसी पर आयोजित रुद्र अन्नपूर्णा महायज्ञ एवं भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान कार्यक्रम में रतनगढ़ के विधायक पूसाराम गोदारा ने उपस्थित धर्म समुदायों को संबोधित किया।

कहा कि गाय, गंगा, गीता एवं जरूरतमंद परिवार की सेवा करना ही सर्वश्रेष्ठ सेवा है उन्होंने कहा भागवत कथा केवल सुनने से नहीं अपने जीवन में उतरने से मनुष्य का उद्धार होगा साथ ही उन्होंने कहा आज मैं जहां खड़ा हूं यह एक ऐसी तपोभूमि है जहां पर जो भी व्यक्ति आता है उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है साथ ही उन्होंने कहा क्षेत्र की समस्या के लिए हमेशा में तत्पर तैयार रहूंगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने विधायक का साफा, माला, दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर कथा वाचक हरिशरण महाराज ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में अच्छे कार्य करना चाहिए जिससे समाज में देश में एक अच्छा संदेश जाए साथ ही गौ माता की सेवा भी करनी चाहिए जिससे सभी पापों का निवारण हो सकता है कथा के दौरान श्री कृष्ण जन्मोत्सव बडे धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर महिलाओं ने मंगल गीत गाकर एवं छोटी-छोटी गईया छोटे छोटे ग्वाल , श्याम तेरी बंसी आदि भजनों के ऊपर नाचने पर मजबूर हो गए श्रद्धालु गण एवं मिठाई बताकर श्री कृष्ण जन्मोत्सव बडे धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर बगीची के संत सुरजीत नाथ महाराज ने कहा 2 फरवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम में लगातार सुबह-शाम प्रसाद का आयोजन भक्तों के द्वारा किया जा रहा है।

खाटूश्यामजी फाल्गुन लक्खी मेला 28 फरवरी से

- जिला कलेक्टर एवं एसपी ने मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ली

सीकर, (निसं)। बाबा खाटूश्याम का फाल्गुन लक्खी मेला 28 फरवरी से शुरू हो रहा है। फाल्गुन लक्खी मेला 28 फरवरी से 11 मार्च 2025 तक आयोजित होगा। वार्षिक फाल्गुन लक्खी मेले की तैयारी और व्यवस्थाओं को लेकर बुधवार को जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, एसपी भुवन भूषण यादव ने खाटूश्यामजी में मेला मजिस्ट्रेट कार्यालय में मेले की व्यवस्थाओं से जुडे संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। साथ ही मेले को सफल बनाने के लिए व्यापारियों, होटल संचालको, स्थानीय लोगों, अधिकारियों व कर्मचारियों के सुझाव भी लिए।

कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि बाबा श्याम के लक्खी मेले में आने वाले श्याम भक्तों को सुगमतापूर्वक दर्शन हो, इसके लिए सम्पूर्ण व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। जिला कलेक्टर ने नववर्ष पर हुई अपार भीड को मद्देनजर रखते हुए तथा गत मेले में रही खामियां दूर करके सुचारू व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर शर्मा ने बताया कि मेले में इस बार दर्शन व्यवस्था से लेकर ट्रैफिक रूट के संबंध में कई बदलाव किए गए हैं। वहीं इस बार सरकारी प्रोटोकॉल वाले वीआईपी लोगों को छोडकर सभी के लिए वीआईपी दर्शन व्यवस्था पूर्णतया बंद रहेगी। खाटू पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने के लिए इस बार क्यूआर कोड जारी किया जाएगा।

ये व्यवस्था रहेगी:- जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि सीकर-रींगस रोड पर मंडा मोड के आस-पास छोटे वाहनों के लिए बडी पार्किंग व्यवस्था विकसित की जाएगी। यहां से श्रद्धालुओं को बसों द्वारा 52 बीघा पार्किंग तक ले जाया जाएगा। जहां से मंदिर में दर्शन करने के लिए सभी श्रद्धालु पैदल ही जाएंगे। 52 बीघा पार्किंग का इस्तेमाल सिर्फ मिनी बसों की पार्किंग के लिए ही किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य वाहन यहां पर नहीं आएंगे। भंडारा लगाने का समय तय किया जाएगा। ई-रिक्शा चालकों के लिए अलग-अलग जोन बनाए जाएंगे और उनके पास जारी किये जायेंगे तथा बिना पास वाले ई-रिक्शा को तत्काल सीज करने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि मंडा मोड एवं रींगस के खाटू मोड़ से मंदिर तक छोटे वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा और भंडारा अनुमति के समय एक निर्धारित शुल्क लिया जाएगा, जिसका उपयोग मेला खत्म होने के बाद सफाई कार्य सहित अन्य कार्य करवाने के लिए किया जाएगा। निशान की ऊंचाई 8 फीट निर्धारित की गई है।

खाटूश्यामजी क्षेत्र में 8 फीट से अधिक ऊंचाई वाले निशान बेचने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। कांटो वाले गुलाब के फूल, छोटी कांच की इत्र की शीशियां बेचने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। मेले की सीसीटीवी से प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए चार सेंटर स्थापित होंगे। मंदिर परिसर, मेला मजिस्ट्रेट, कंट्रोल रूम खाटू और कंट्रोल रूम सीकर में स्थापित होंगे। कंट्रोल रूम सीकर से कलक्टर-एसपी सीधे तौर पर मॉनिटरिंग कर पाएंगे। धारा-144 के तहत रींगस रोड से ही डीजे पर बैन रहेगा। साथ ही शराब पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

धर्मशाला में 50 से अधिक कमरे होने पर 15 कमरे एवं होटल व गेस्ट हाउस में 5 कमरे प्रशासन के लिए आरक्षित किए जाएंगे। सभी सेक्टर में मेडिकल की मोबाइल यूनिट्स स्थापित रहेगी। अग्निशमन एवं एंबुलेंस के लिए इमरजेंसी रास्ते की व्यवस्था की जाएगी तथा पूर्व की तरह इस बार भी 14 लाइनों से ही श्रद्धालुओं को दर्शन करवाया जायेगा। मंदिर कमेटी अपने सोशल मीडिया पेज व वेबसाइट पर दर्शनों का समय व अन्य जानकारियां शेयर करेगी। कंट्रोल रूम खाटू थाने में ही बनाया जाएगा। मेले से पूर्व सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को चिकित्सा एवं मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में सीपीआर ट्रेनिंग सहित मूलभूत चिकित्सा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान आवारा पशुओं को गौशाला में रखने, रींगस से खाटू तक कारपेट बिछाने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान जिला परिषद सीकर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह जोधा, नीमकाथाना के अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ शाख, रींगस एसडीएम बृजेश गुप्ता, दांतारामगढ एसडीएम मोनिका सामोर सहित संबंधित विभागों के जिला एवं उपखंड स्तरीय अधिकारी, मंदिर कमेटी एवं व्यापार संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सूर्य कुंड में श्रद्धालुओं ने डूबकी लगाई

खिरोड़, (निसं)। शेखावाटी के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम के सूर्य कुंड में बुधवार को मौनी अमावस्या को लाखों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा की डूबकी लगाई। शेखावाटी जनपद से लाखों श्रद्धालुओं ने तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम के सूर्य कुंड पहुंचकर मौनी अमावस्या का शाही स्नान किया। साथ ही विभिन्न मंदिरों में भगवान के दर्शन करने के पश्चात विभिन्न तरह का दान पुण्य भी किया। मौनी अमावस्या के दिन सुबह 5 से ही श्रद्धालुओं की भीड करने लगी। जो दोपहर तक जारी रही। मौनी अमावस्या को लोहरगढ धाम के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड लगी रही। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पुजार चना करके विभिन्न तरह का दान पुण्य भी किया। पीठाधीश्वर महंत स्वामी अवधेशाचार्य महाराज ने बताया कि मौनी अमावस्या को ब्रह्म मुहूर्त में स्नान का समय 5:03 से 5:55 बजे तक का था एवं सर्वाधिक पुण्य प्रदान करने वाला रहा। माघ मास की अमावस्या को मौनी अमावस्या कहा जाता है। शास्त्रों में इस दिन मौन रहकर स्नान और दान करने का महत्व बताया गया है। भक्त मौन व्रत (मौन व्रत), पवित्र स्नान, दान और पूर्वजों की पूजा करते हैं सूर्य क्षेत्र लोहार्गल धाम में मौनी अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने सूर्य कुंड में डूबकी लगाई।

वार्षिकोत्सव में 600 विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

सीकर (निसं)। पिपराली सर्किल, सीकर स्थित प्रिंस स्कूल राजस्थान बोर्ड के वार्षिकोत्सव प्रिंस महोत्सव का शानदार आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन एवं प्रबन्ध निदेशक मनोज ढाका द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

विद्यार्थियों द्वारा 600 से अधिक विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न राज्यों की संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियों के साथ ही अनेक प्रेरणादायी लघु नाटिकाओं का भी प्रदर्शन किया गया। प्रमुख एक्ट में सोशल मीडिया, ड्रग एडिक्शन, स्पेस थीम, शिव महिमा, क्लासिकल डांस, स्पोर्ट्स थीम, रोबोट एक्ट, रेट्रो स्टाइल डांस, कल्की थीम, गुरु द्रोणाचार्य, महिला सशक्तिकरण, बाल-विवाह, एकलव्य एक्ट, पद्मावत थीम, आर्मी एक्ट आदि शामिल रहे।

निदेशक जोगेंद्र सुण्डा ने स्वामी विवेकानंद के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए देश के प्रति राष्ट्रीयता की भावना विकसित करने पर बल दिया, साथ ही विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु भी प्रेरित किया।

प्रिंस स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ।

मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन ने अभिभावकों को संदेश देते हुए कहा कि वे बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखें एवं बच्चों के साथ टाइम स्पेंट करें। प्रिंसिपल संजय वर्मा ने स्कूल का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय के गत वर्ष के बोर्ड परीक्षा परिणाम व टॉपर्स विद्यार्थियों की जानकारी दी।

प्रबंध निदेशक मनोज ढाका ने अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कॉर्डिनेटर्स, शिक्षकों, अभिभावकों सहित हजारों विद्यार्थी मौजूद रहे।

सार-समाचार

जन-जागरण अभियान आज से

सीकर (निसं)। कुष्ठ कोई अभिशाप नहीं, एक सामान्य जीवाणु जनित बीमारी है जिसका आसान सा इलाज है, बस इतना सा देश की जनता समझ जाए तो सभी रोगी सामने आ जाएं। ऐसा होने पर बहुत जल्द इस रोग का उन्मूलन संभव है। इसी विचार को केंद्र में रखते हुए चिकित्सा एवं स्वाथ्य विभाग कुष्ठ दिवस पर 30 जनवरी से स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता पखवाड़ा शुरू करेगा, जो 13 फरवरी तक चलेगा। सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार महरिया ने बताया जिले में गुरुवार से कुष्ठ जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा। इस अभियान की थीम,'आईए सब मिलकर जागरुकता बढाएं, भ्रांतियां दूर करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कुष्ठ रोग से प्रभावित कोई भी व्यक्ति छूट न जाएं'। इसी थीम पर आमजन के लिए कुष्ठ उन्मूलन जागरूकता का संदेश प्रसारित किया जाएगा। इस दिवस और अभियान के दौरा शहर से लेकर गाँव तक जन जागरूकता पैदा की जाएगी। वहीं पखवाड़े के दौरान घर-घर जाने वाले स्वास्थ्यकर्मी व आशा सहयोगिनियां कुष्ठ रोग की पडताल भी करेंगे। इस दौरान शपथ ग्रहण, जागरूकता रैली, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, मुनादी तथा समूह चर्चा जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग तंत्रिका तंत्र संबंधित बीमारी है, समय पर इलाज करवाने से कुष्ठ रोग पूर्णतया ठीक हो जाता है लेकिन यदि इसके उपचार में लापरवाही बरती जाए, तो और विकृति आ सकती है। डिप्टी सीएमएचओ डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि देश में 98 प्रतिशत लोग प्राकृतिक रूप से इस बीमारी के प्रति प्रतिरोधक क्षमता रखते है अर्थात मात्र दो प्रतिशत लोग ही इस बीमारी से ग्रसित हो सकते हैं। जिले में कुष्ठ रोग के प्रति लगातार जागरूकता पैदा की जा रही है।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित

रतनगढ़ (निसं)। संचियालाल बैद राजकीय बालिका उ मा विद्यालय में वार्षिकोत्सव अनिल पारीक की अध्यक्षता में मनाया गया। मुख्य अतिथि विवेक पोद्दार ने कहा कि मोबाइल फोन का असीमित उपयोग विद्यार्थियों के लिए घातक है, इसके दुरुपयोग से बचना चाहिए। पार्षद प्रतिनिधि कयूम गौरी ने विधायक कोष से विद्यालय परिसर में तीन लाख की लागत इंटरलोक लगाने की स्वीकृति की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश चौधरी ने विद्यालय के लिए ओर भौतिक संसाधन उपलब्ध कराने को कहा। इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी। खेलकूद व प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित किया गया।शारिरीक शिक्षक सरोज महला व मनोज सारस्वत का अभिनंदन किया गया। संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद शर्मा ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।इस दौरान रुकमणी देवी,श्रवण ढाका, उम्मेदसिंह,शिशुपाल घुघरवाल,लीलाधर शर्मा उपस्थित थे। संचालन अंजू चौहान ने किया।

ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण निरस्त

सीकर (निसं)। अटल भू जल योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन सिंचाई प्रबन्धन एवं प्रशिक्षण संस्थान बीकानेर द्वारा 30 जनवरी 2025 (गुरुवार) प्रात: 11 बजे पंचायत समिति सभागार नीमकाथाना (सीकर) में करवाया जाना प्रस्तावित था। परन्तु अपरिहार्य कारणों से प्रशिक्षण निरस्त किया गया है।

13 छात्राओं को साइकिल मिली

कोलसिया, (निसं)। कोलसिया के शिवनारायण खेदड़ राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को साईकिल वितरण समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि सरपंच पति महेश पारीक थे। इस दौरान राज्य सरकार की योजनान्तर्गत कक्षा नौ की 13 छात्राओं को साईकिल प्रदान की गई। प्रधानाचार्य आशा सिंह ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

पोस्टर का विमोचन किया

झुंझुनूं, (निसं)। गौड ब्राह्मण समाज की बैठक चूणा चौक स्थित रामलीला मैदान में हुई। जिसमें संगठन विस्तार की चर्चा हुई। साथ ही नौ मार्च को जयपुर में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष उमाशंकर महमिया ने बताया कि चूणा चौक स्थित रामलीला पार्क में जिला अध्यक्ष पवन शर्मा की अध्यक्षता में संगठन के विस्तार व परिचय सम्मेलन पर चर्चा कर पोस्टर का विमोचन किया गया। गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के द्वारा 9 मार्च 2025 रविवार को परशुराम भवन सेक्टर चार विद्याधर नगर जयपुर में 18वां अंतरराष्ट्रीय युवक युवती परिचय सम्मेलन राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार हरितवाल की अध्यक्षता में व एडवोकेट पंकज पचलंगिया के संयोजन में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 फरवरी है। सम्मेलन का फॉर्म जिला एवं तहसील इकाई पर उपलब्ध है। समाज बंधु फॉर्म व्हाट्सएप के माध्यम से भी प्राप्त कर सकते हैं। फॉर्म को भरकर जिला तहसील इकाई अथवा डाक से परशुराम विद्याधर नगर जयपुर जमा करवा सकते हैं। जो अभिभावक अपने पुत्र पुत्री के लिए यथायोग्य वर वधु की तलाश में है।उनका सपना परिचय सम्मेलन के माध्यम से जरूर पूर्ण होगा।

बेदखली आम सूचना

मनके जगदीश आयु 50 साल पुत्र चुन्नाराम जाति जांगिड़ निवासी बुंगी तहसील सिद्धमुख जिला चूरू का हूं जो कि शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरी पुत्री अनामिका पुत्री जगदीश जाति जांगिड़ निवासी बुंगी तहसील सिद्धमुख जिला चूरू है जो कि मेरे व मेरे परिजनों के कहने-सुनने में नही होकर अपनी मनमर्जी से भागकर बिना हमारी सहमति के शादी कर ली हैं। अवैधानिक तरीके से शादी कर मेरे व मेरे परिवार की मान-मर्यादा खत्म कर दी है इसलिए मेरा व मेरे परिवार का अनामिका से आज दिनांक 29.01.2025 के बाद किसी भी प्रकार का कोई संबंध नही है व नही रहेगा। वह अपने कृत्य-अपकृत्य की स्वयं जिम्मेदार है एवं रहेगी। उसका मेरी चल व अचल सम्पति से किसी भी प्रकार का कोई अंश नही रहेगा। मैं उसे मेरी चल व अचल सम्पति से हमेशा के लिए बेदखल करता हूं कि जिसकी यह सूचना आम जन हेतु प्रकाशित करवाई जा रही है।

भवदीय

जगदीश पुत्र चुन्नाराम जाति जांगिड़, निवासी बुंगी तहसील सिद्धमुख जिला चूरू

बेदखली आम सूचना

हम अजय कुमार उम्र 40 साल पुत्र श्री फतेह सिंह एवं मुकेश कुमारी उम्र 43 साल पत्नी अजय कुमार जाति जाट निवासीगण भामासी तहसील राजगढ़ जिला चूरू के है जो निम्न कथन शपथ पूर्वक बयान करते है कि हमारी पुत्री निशा जो हमारे कहने में नही चलती थी तथा आवारा प्रवृति की है, जो हमारे घर दिनांक 17.01.2025 से हमें बिना बताये किसी अनजान व्यक्ति के साथ कहीं चली गई है। जिस बाबत हमने दिनांक 18.01.2025 को पुलिस थाना राजगढ़ जिला चूरू में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। हमारी पुत्री निशा से अब हम व हमारा परिवार किसी भी प्रकार से कोई रिश्ता नही रखना चाहते है तथा हमारी पुत्री निशा को हम हमारी सभी चल - अचल सम्पति से बेदखल करते है। भविष्य में हमारी चल - अचल सम्पति में हमारी पुत्री निशा का कोई हक व अधिकार नही होगा। हमारी पुत्री निशा द्वारा किसी व्यक्ति से कोई लेन-देन किया जाता है व उस पर किसी प्रकार वाद-विवाद व मुकदमा या कोई घटना कारित होती है तो उसमें हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी। दिनांक 29.01.2025

सूचनाकर्ता

अजय कुमार पुत्र फतेहसिंह एवं मुकेश कुमारी पत्नी अजय कुमार जाति जाट निवासीगण भामासी, तहसील राजगढ़ जिला चूरू

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 19.02.2025 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है:- **निविदा संख्या:** 186; **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर, उ.प.रेलवे, रतनगढ़ के अधीन चुरू स्टेशन पर एक नम्बर वॉलीबॉल कोर्ट एवं फेन्सिंग का प्रावधान करना। **अनुमानित लागत मूल्य:** Rs. 1025054.00; **धरोहर राशि:** Rs. 20500.00; **निविदा संख्या:** 187; **कार्य का नाम व सीन:** सहायक मंडल इंजीनियर, रतनगढ़ के अधीन सादुलपुर-रतनगढ़-नापासर खण्ड पर 15500 घन मीटर (मशीन द्वारा तोड़ी) पत्थर की रोड़ी की सेस पर आपूर्ति करना। **अनुमानित लागत मूल्य:** Rs. 20571321.45; **धरोहर राशि:** Rs. 252900.00; नोट:- अन्य शर्ते रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।

131-AN/25

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 8/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री महेश शर्मा पुत्र श्री राधेश्याम शर्मा निवासी चैलासी तहसील सीकर ग्रामीण, जिला सीकर राज.-332001 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत मूर्ति मंदिर श्री जानकी वल्लभ जी, ग्राम चैलासी, तहसील सीकर ग्रामीण, जिला सीकर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 27.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 04.04.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर